अमर उजाला 13/09/2024

विद्यार्थियों ने स्थापित किया नूतन कीर्तिमान

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के राजनीतिक विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पहले स्थान पर आकर स्वर्णिम इतिहास रचा है। विश्वविद्यालय की पहली 10 में से प्रथम स्थान पर शिवांगी, तृतीय स्थान पर धर्मेंद्र कुमार और चतुर्थ स्थान पर अंकुर भसीन ने नूतन कीर्तिमान स्थापित किया। गर्व का विषय तो यह है कि कॉलेज के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं और 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने कॉलेज का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित करने वाले इन विद्यार्थियों का महाविद्यालय में अभिनंदन करते हुए कहा कि उनके जैसे विद्यार्थी ही हमारा स्वाभिमान हैं, जिनके कौशल के आधार पर महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अनूठे कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। संवाद